[**उपाध्यक्ष महोदय श्री एम० ए० आय्यंगार** पीठासीन हुए]

प्रश्नोत्तर

(प्रश्न नहीं पूछे गये—भाग १ प्रकाशित नहीं हुआ)

राष्ट्रपति का अभिभाषण

†**सचिव** : मैं १५ फरवरी, १९५५ को राष्ट्रपति द्वारा, संसद् के एक साथ समवेत दोनों सदनों के सामने दिये गये अभिभाषण की एक प्रति पटल पर रखता हूं ।

राष्ट्रपति का अभिभाषण

राष्ट्रपति—संसद् के सदस्यगण, संसद् के इस नये सत्र के समय एक बार फिर आपका स्वागत करते हुये मुझे खुशी हो रही है । घरेलू और अन्तर्राष्ट्रीय, दोनों मामलों की दृष्टि से गत वर्ष हमारे लिये सतत प्रयत्न और सफलता का रहा है । भारतीय जनता और संसद् सकारण विगत वर्ष के प्रयत्नों और सफलताओं को संतोष तथा सतर्क आशा के साथ देख सकते हैं । फिर भी, बाहरी जगत में और देश में कुछ ऐसी घटनायें अवश्य घटी हैं जिन से हमारा शंकित हो जाना स्वाभाविक है । इन घटनाओं का हमें साहस, धैर्य तथा पूर्ण प्रयत्न के साथ सामना करना चाहिये । साथ ही ये इस बात की चेतावनी भी देती हैं कि हमें न तो निराश होना चाहिये और न पूर्ण संतोष मान लेना चाहिये ।

विदेशों से हमारे सम्बन्ध बराबर मैत्रीपूर्ण बने हैं । गत वर्ष में बहुत से देशों के साथ हमारे सहयोग और सद्भावना में वृद्धि हुई है और इस दिशा में हम जो कुछ भी करने का प्रयास कर रहे हैं, विदेशी राष्ट्र अब उसका अधिक आदर करने लगे हैं । बहुत से देशों से इस वर्ष हमारे देश में सम्मानित अतिथि आये जिनमें राष्ट्रों के अधिपति, प्रधान मंत्री और विदेशी मंत्री शामिल हैं । हम ने इन महानुभावों का सहर्ष स्वागत किया । हमारे प्रधान मंत्री ने सरकारी रूप से सोवियत संघ, चैकोस्लोवेकिया, पोलैंड, आस्ट्रिया, युगोस्लाविया, इटली और मिश्र की सद्भावना-यात्रा की ।

स्वर्गीय महामहिम महाराजाधिराज त्रिभुवन वीर विक्रम शाह, नेपाल नरेश की मृत्यु से हमें भारी वेदना हुई । उनके निधन से हमारा देश एक सच्चे मित्र और नेपाल एक प्रबुद्ध तथा साहसी नरेश से

†मूल अंग्रेजी में

वंचित हो गया है। हाल ही में महाराजाधिराज महेन्द्र वीर विक्रम शाह तथा महिष्मती साम्राज्ञी के इस देश में आगमन से भारत और नेपाल के लोगों के मैत्रीपूर्ण सम्बन्ध और भी अधिक दृढ़ हो गये हैं। मैं यह कामना करता हूं कि महामहिम का राज्यकाल उन्नति तथा संपन्नता का सूचक हो।

भारत तथा पश्चिमी पाकिस्तान के बीच रेलमार्ग खोलने और भारत तथा पाकिस्तान के मध्य पारपत्र सम्बन्धी नियमों को अधिक ढीला करने के लिये पाकिस्तान के साथ हमारी बातचीत सफल रही है। नहर के पानी के सम्बन्ध में झगड़ों का निपटारा करने के लिये बातचीत अभी भी जारी है। स्थानान्तरित लोगों की चलसम्पत्ति के सम्बन्ध में समझौता हो चुका है।

पूर्वी पाकिस्तान से लोगों की निकासी और उनका भारत में आगमन हाल में बहुत बढ़ गया है, जिससे हमें चिन्ता होती है। यह एक बहुत बड़ी मानवीय समस्या है जिसका असंख्य लोगों पर दुखद प्रभाव पड़ता है। पश्चिम बंगाल राज्य पर आगे ही अत्यधिक भार है, अब उसे और भी अधिक भार वहन करना पड़ रहा है। मेरी सरकार बराबर आशा करती रहेगी कि पाकिस्तान की सरकार उन कारणों को दूर करने के लिये यथोचित कार्यवाही करेगी जिनके कारण यह निकासी हो रही है।

मेरी सरकार को दुख है कि भारत में पुर्तगाली बस्तियों की समस्या को सुलझाने के लिये हमारे शांतिपूर्ण सुझावों के बावजूद, पुर्तगाल सरकार की ओर से कोई संतोषजनक कार्यवाही नहीं की गई और वह सरकार दमन और आतंक की उपनिवेशवादी नीति का बराबर आश्रय ले रही है। मेरी सरकार को इस बात का बहुत क्षोभ है कि संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के सचिव ने इस सम्बन्ध में बोलते हुये पुर्तगाली बस्तियों को पुर्तगाल के प्रांत कहा जिससे इस बात का भ्रम होता है मानो वे बस्तियां पुर्तगाल देश का एक अंग हों।

एशिया और अफ़्रीका के देशों का जो सम्मेलन बांडुंग में हुआ था, जिसमें २९ राष्ट्रों ने भाग लिया, उसका स्वागत न केवल एशिया में एक महान घटना के रूप में किया गया बल्कि उसे संसार की एक महत्वपूर्ण घटना माना गया है। बांडुंग में जो ऐतिहासिक महत्व की घोषणा हुई और जिसकी ओर विश्व का काफ़ी ध्यान गया है, उसके अनुसार सम्मेलन में भाग लेने वाले सभी देशों पर यह दायित्व आता है कि वे सभी समस्याओं को सुलझाने के लिये और विश्व में शांति और पारस्परिक सहयोग को बढ़ाने के लिये शांतिपूर्ण दृष्टिकोण और नीति को अपनावें।

मेरी सरकार को आशा है कि अफ़्रीका में गोल्ड कोस्ट में शीघ्र ही स्वाधीनता और स्वशासन की स्थापना हो सकेगी और वह देश राष्ट्रमंडल तथा संयुक्त राष्ट्र में अन्य देशों के साथ बराबर का हिस्सेदार हो सकेगा। पश्चिमी अफ़्रीका के अन्य भागों में भी कुछ कुछ इसी प्रकार की घटनायें घट रही हैं और मेरी सरकार को आशा है कि उन्नति की इस प्रवृत्ति को समुचित प्रोत्साहन मिलेगा और गोल्ड कोस्ट का उदाहरण अफ़्रीका के उन भूभागों को भी प्रभावित करेगा जो आजकल औपनिवेशिक शासन के अन्तर्गत हैं। मलाया में भी इसी प्रकार की प्रगति का हम स्वागत करते हैं।

हम स्वाधीन तथा स्वतन्त्र गणतन्त्र के रूप में सूडान का स्वागत करते हैं और इस प्रक्रिया में मिश्र तथा ब्रिटेन ने जो महत्वपूर्ण तथा ऐतिहासिक योग-दान दिया है उसकी प्रशंसा करते हैं। मेरी सरकार ने सूडान गणराज्य के साथ अन्त:राजनैतिक सम्बन्ध स्थापित कर लिये हैं। मिश्र के साथ भी हमने मैत्री की संधि की है।

मेरी सरकार ने उन सभी राष्ट्रों के साथ सहानुभूति प्रकट की है जो औपनिवेशिक शासन के चंगुल से निकल स्वतंत्र होने का प्रयत्न कर रहे हैं। उन में विशेष रूप से ट्यूनीसिया, अल्जीरिया और मोरोक्को

की जनता शामिल है । मेरी सरकार का यह दृढ़ विश्वास है कि शांतिपूर्ण बातचीत और आपसी समझौते से ही इन समस्याओं को सफलतापूर्वक और उचित ढंग से सुलझाया जा सकता है ।

संयुक्त राष्ट्र का हाल का सत्र इस बात के लिये महत्वपूर्ण रहा है कि सदस्यता के आधार को अधिक व्यापक करने के सम्बन्ध में जो अड़चनें थीं वे दूर हो गईं और इस बार सोलह नये राष्ट्र सदस्य के तौर पर स्वीकार किये गये हैं । हमें इस बात की विशेष खुशी है कि दूसरे देशों के साथ हमारे निकट पड़ोसी, नेपाल और लंका तथा कम्बोडिया, लाओस, लीबिया और जोर्डन भी इन राष्ट्रों में शामिल हैं । हमें इस बात का बहुत दुख है कि जापान और मंगोलिया संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता के लिये अभी भी उम्मीदवार ही हैं । इस समस्या को सुलझाने का मेरी सरकार भरसक प्रयत्न करेगी और निकट भविष्य में सूडान के प्रवेश की भी उत्सुकतापूर्वक प्रतीक्षा कर रही है ।

मेरी सरकार को इस बात का दुख है कि संयुक्त राष्ट्र अमेरिका तथा चीन के बीच मत-भेदों को दूर करने के लिये गत वर्ष जो प्रयत्न किये गये थे, और इस दिशा में जो प्रगति हुई थी, वह आगे नहीं बढ़ सकी है । आपसी बातचीत के द्वारा समझौता न होने के जो संभाव्य दुष्परिणाम हैं, वे मेरी सरकार के लिये चिन्ता का विषय हैं । शांतिपूर्ण बातचीत के लिये मेरी सरकार हर संभव प्रयत्न करेगी ।

इन्डोचीन में अन्तर्राष्ट्रीय आयोग ने, कुछ दुर्घटनाओं के बावजूद, देख-रेख और नियंत्रण के काम में उचित संतोषजनक प्रगति की है । जेनीवा में महान शक्तियों ने तथा इन्डोचीन से सम्बद्ध दूसरे पक्षों ने जिन राजनैतिक निपटारों को स्वीकार किया था, वियतनाम के प्रश्न को लेकर वे अब आपत्ति में हैं । लाओस के सम्बन्ध में भी भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है । आयोग द्वारा देख-रेख और नियन्त्रण के कार्य पर भी इस समस्या का प्रभाव पड़ा है । मेरी सरकार को आशा है कि सभी सम्बन्धित पक्ष, जेनीवा सम्मेलन के दोनों अध्यक्ष तथा अन्य राष्ट्र इस बात की पूरी कोशिश करेंगे कि न केवल युद्धबन्दी बनी रहे, बल्कि वास्तविक राजनैतिक समझौते का मार्ग प्रशस्त हो सके, जिससे कि उन सभी देशों का कल्याण हो और एशिया की स्थिति अधिक स्थायी हो सके और संघर्ष का संकट, जिसकी सीमायें सहज ही दृष्टिगोचर नहीं होतीं, टल सके ।

संयुक्त राष्ट्र से चीन का बहिष्कार और उसके विरुद्ध व्यापार-सम्बन्धी प्रतिबन्ध, सुदूरपूर्व में और साधारणतः एशिया में, अस्थायित्व तथा संघर्ष की ओर प्रेरित करते हैं । मेरी सरकार अन्य राष्ट्रों के सहयोग से, जो हमसे सहमत हैं, संयुक्त राष्ट्र में तथा उससे बाहर इस स्थिति में सुधार करने की अधिक से अधिक चेष्टा करेगी जो स्थिति विश्व-शांति के लिये संभवतः गंभीरतम संकट है ।

सब मिला कर, गत वर्ष संसार की स्थिति में, विभिन्न गति-विधियों तथा सम्मेलनों, विशेष रूप से चार सरकारों के अध्यक्षों के सम्मेलन के फलस्वरूप, काफी सुधार हुआ है । मुझे खेद है कि यह प्रगति जारी नहीं रह सकी और इसमें इधर कुछ न्यूनता आई है । निःशस्त्रीकरण के सम्बन्ध में वास्तव में हम कुछ भी आगे नहीं बढ़ सके हैं और न ही शीत-युद्ध के भय से उत्पन्न तनाव को दूर कर सके हैं । हमारे देश के अन्य देशों के साथ बराबर मैत्रीपूर्ण सम्बन्ध बने रहे किन्तु, विश्वशांति की स्थिति में जो बिगाड़ हुआ है उसके कारण दुनियां के दूसरे-भू-भागों में भी शांतिपूर्ण सम्बन्धों और पारस्परिक सहयोग की प्रगति पर बुरा प्रभाव पड़ा है ।

शक्ति के संतुलन और आपसी सन्देह और भय पर आधारित सैनिक संधियों की नीति से, विशेष रूप से पश्चिमी एशिया में, स्थिति बिगड़ी है, जिसके कारण अरब राष्ट्र दलों में बट गये हैं और पश्चिमी एशिया के राष्ट्र शस्त्रास्त्र जुटाने लगे हैं । इसके कारण अपनी सीमाओं के निकट हमें भी चिन्ता हुई है । बग़दाद की संधि से भी हमें बहुत खेद हुआ है, जैसा हमें दक्षिणपूर्व एशिया-सुरक्षा-संघ से हुआ था ।

प्रथम पंचवर्षीय योजना की अवधि अब समाप्त होने को है और मेरी सरकार दूसरी पंचवर्षीय योजना तैयार करने में व्यस्त रही है । पहली योजना की सफलता से लोगों में विश्वास की भावना का उदय

हुआ है और उसके परिणामस्वरूप हमारे राष्ट्र की अर्थ-व्यवस्था की उन्नति की नींव रखी जा चुकी है। पहली योजना के लक्ष्य से कई विषयों में हम आगे बढ़ गये हैं और राष्ट्रीय आय में १८ प्रतिशत की वृद्धि हुई है। औद्योगिक उत्पत्ति में ४३ प्रतिशत की और कृषि द्वारा उत्पादन में १५ प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह विशेष संतोष की बात है कि अन्न का उत्पादन २० प्रतिशत बढ़ गया है—और यह जबकि विध्वंसकारी बाढ़ ने उत्तर भारत और तूफान ने दक्षिण भारत में बड़ी बरबादी की। इन विपत्तियों के कारण क्षति की पूर्ति में सरकार ने और उससे भी अधिक लोगों ने जो काम किया, मैं उसकी सराहना करता हूं।

हमारा ध्येय इस देश में समाजवाद के नमूने पर समाज की व्यवस्था करना है और विशेष रूप से उत्पादन को इस प्रकार बढ़ाना है कि देश शीघ्र से शीघ्र समुन्नत हो सके। लोगों के लिये अधिक रोज़गार उपलब्ध करने का प्रश्न असाधारण महत्व का है। सार्वजनिक क्षेत्र के अधिक विस्तार पर, विशेषकर आधारभूत उद्योगों और मशीनों के निर्माण के उद्योग के विकास पर, अधिक जोर दिया गया है। हमने तीन बड़े लोहे और इस्पात के कारखाने और भारी बिजली कलों के तैयार करने वाले कारखाने खोलने का निश्चय किया है। बड़े पैमाने पर देश के खनिज पदार्थों का पर्यवेक्षण किया जायगा जिससे कि देश में निहित साधनों को उपयोग में लाया जा सके। लोगों को अधिक रोज़गार दिलाने और कई प्रकार का उपभोग का सामान पैदा करने की दृष्टि से, उत्पादन की उन विधियों पर अधिक ज़ोर दिया जायगा जिनमें अधिक से अधिक हाथ खप सकें। विशेषकर कुटीर और ग्रामोद्योगों पर भरोसा किया जायेगा। सामुदायिक योजना और राष्ट्रीय विस्तार सेवाओं के फलस्वरूप देश के बहुत से देहातों में पहले ही क्रांतिकारी परिवर्तन हो चुके हैं। ये योजनायें बराबर जारी रहेंगी और इन्हें अधिक विस्तृत किया जायगा। आशा है कि द्वितीय योजना की अवधि के अन्त तक इन योजनाओं के अन्तर्गत देश के प्रायः सभी देहात ग्राम आ चुकेंगे।

दूसरी योजना, प्रथम योजना की अपेक्षा अधिक महत्त्वाकांक्षापूर्ण है और उसे कार्य रूप देने के लिये देश के लोगों को पहले की अपेक्षा कहीं अधिक प्रयत्न करना होगा। समाजवाद के नमूने पर समाज की स्थापना, राष्ट्रीय आय का समुचित स्तर तक विकास और देश के सभी नागरकों के लिये समान अवसर—इन सभी आदर्शों को पूरा करने के लिये अभी हमें बहुत कुछ करना रहता है। परन्तु हम प्रगति के पथ को अपना चुके हैं। हमारी उन्नति के आधारभूत मापदंड सदा समाज का हित और असमता का क्रमिक निराकरण होंगे। हम अपनी यात्रा की एक मंज़िल तय कर चुके हैं और अब एक और भाग्य निर्णायक दूसरी मंज़िल की ओर बढ़ने वाले हैं। जो सफलता हम ने विगत वर्षों में प्राप्त की है, उसमें हमें संतोष होता है, आत्म-विश्वास की भावना प्राप्त होती है और भविष्य के लिये हमारे अन्दर आशा का संचार होता है। किन्तु, उन्नति करने और विश्व में शांति की स्थापना और सहयोग के लिये अपने कर्त्तव्य का पालन करने के हेतु हमारी क्षमता का आधार हमारी आर्थिक दृढ़ता और एकता होगी। राष्ट्रपिता द्वारा निर्धारित मौलिक सिद्धांतों और आदर्शों के प्रति हमारी आस्था तथा राष्ट्रीयता भावना ही हमारी सफलता की आधार शिला बन सकती है। उस अदम्य राष्ट्रीय एकता और सार्वजनिक सेवा की भावना के बिना, जिसके फलस्वरूप हम स्वाधीनता प्राप्त कर पाये हैं, हम न उन्नति कर सकते हैं और न ही विश्व के महान कार्यों में अपना योगदान दे सकते हैं।

दूसरी पंचवर्षीय योजना के लक्ष्य हैं—दो करोड़ दस लाख एकड़ ज़मीन की नई सिंचाई, १ करोड़ टन अधिक खाद्यान्न, ३४ लाख किलोवाट नई बिजली, २ करोड़ ३० लाख टन कोयले का अधिक उत्पादन, जिससे १९६० तक कुल ६ करोड़ टन उत्पादन हो सके, इस्पात में ३३ लाख टन की वृद्धि, सीमेंट में ५२ लाख टन की वृद्धि और कृत्रिम खाद में १७ लाख टन की वृद्धि। आशा की जाती है कि नई योजनाओं के फलस्वरूप एक करोड़ आदमियों को उद्योग और कृषि में नये काम मिलेंगे।

भारत के कुछ भागों में घटी हाल की घटनाओं से मुझे भारी खेद हुआ है, जैसा कि आप सबको भी हुआ होगा। अपनी भाषा के प्रति उचित प्रेम के अतिरेक में हम में से कुछ यह भूल जाते हैं कि यह महान्

देश हम सब की मातृभूमि है और सबके लिए एक जैसी विरासत है। राज्यों का पुनर्गठन एक महत्वपूर्ण विषय है और इस के लिये सद्बुद्धि और सहिष्णुता अपेक्षित है, किन्तु भारत और भारत के भविष्य के प्रश्न की तुलना में राज्यों की सीमा-निर्धारण का यह मामला नगण्य है। यह तथ्य सर्वोपरि है कि हम अहिंसा, सहिष्णुता और राष्ट्रीय महानता सूचक मौलिक दृढ़ता के बिना अपने देश को ऊँचा नहीं उठा सकते। हाल के वर्षों में हम ने अपने देशवासियों द्वारा प्राप्त की गई अपूर्व सफलताओं को देखा है। हमने कुछ पुरानी कमज़ोरियों को अपने मार्ग में आते और पृथकता तथा असहिष्णुता की भावनाओं को उभरते हुये भी देखा है। अतीत में अनेकों बार हमें संकटों का सामना करना पड़ा है और हमने उन पर विजय पाई है। अब फिर हमारे राष्ट्र और लोगों की परीक्षा का समय आया है। अपने प्राचीन आदर्शों और सिद्धातों पर चल कर ही हम सफल हो सकते हैं। मुझे पूरा विश्वास है आप इन बातों पर व्यापक सहिष्णुता की भावना से विचार करेंगे और इस महान् देश के हित को जिसकी हम जी-जान से सेवा करना चाहते हैं, सदा सामने रखेंगे। मुझे यह भी आशा है कि यह संसद् जो भी ठीक समझ कर निर्णय करेगी, सब लोग उसे स्वेच्छा से स्वीकार करेंगे।

जैसा आपको विदित है, भारत के पुराने इंपीरियल बैंक को राज्य बैंक बना दिया गया है और बहुत सोच विचार के बाद मेरी सरकार ने जीवन-बीमा व्यवसाय के राष्ट्रीयकरण का निश्चय किया है। प्रारम्भिक कार्यवाही के रूप में और पालिसी होलडरों के हितों के रक्षार्थ, गत मास एक अध्यादेश जारी किया गया था जिसके अनुसार इस व्यवसाय की व्यवस्था करने का अधिकार सरकार को दिया गया है। उस अध्यादेश को अधिनियम में परिवर्तित करने के लिये शीघ्र ही एक विधेयक संसद् के समक्ष रखा जायगा। निःसन्देह यह पग जनता के और बीमा व्यवसाय के हित में सिद्ध होगा और यह हमारे समाजवादी आदर्श के अनुरूप होगा।

ग्राम-अर्थ-व्यवस्था और कृषि तथा छोटे छोटे उद्योगों में सहयोग की उन्नति को मेरी सरकार बहुत महत्व देती है। खाद्य-पदार्थों की उत्पत्ति, उन के बनाने और उनको जमा रखने तथा बाज़ार में लाने के लिये सहयोग समितियों द्वारा उनको संगठित करने का विधेयक संसद् के समक्ष उपस्थित किया जायेगा।

राज्यों के पुनर्गठन के सम्बन्ध में मेरी सरकार एक विधेयक पेश करेगी। संसद् के समक्ष कई विधेयक हैं जिनमें से कुछ पर प्रवर समितियां विचार कर चुकी हैं। पिछड़े वर्ग आयोग की सिफारिशों के प्रकाश में और सरकार द्वारा उन पर किये गये निर्णयों के अनुसार परिगणित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों की सूची में संशोधन करने के हेतु एक विधान होगा। कर-जांच आयोग की सिफारिश के अनुसार अन्तर्राज्यीय व्यापार पर और आवश्यक वस्तुओं पर कर लगाने के सम्बन्ध में भी विधान-सम्बन्धी प्रस्ताव संसद् के समक्ष रखे जायेंगे।

तीन अध्यादेश, जो संसद् के गत सत्र के बाद जारी किये गये हैं, संसद् के समक्ष रखे जायेंगे। वे इस प्रकार हैं :

१. लोक प्रतिनिधित्व (संशोधन) अध्यादेश, १९५५;
२. जीवन-बीमा (संकटकालीन व्यवस्था) अध्यादेश, १९५६; और
३. बिक्री-कर कानून प्रान्यता अध्यादेश, १९५६।

१९५६-५७ के वित्तीय वर्ष का भारत सरकार का आय-व्यय-सम्बन्धी विवरण आपके सामने रखा जायेगा।

इस वर्ष हम एक बहुत ही महत्वपूर्ण समारोह मनाने जा रहे हैं। आज से २,५०० वर्ष पूर्व भारत की एक महानतम विभूति, महात्मा बुद्ध ने परिनिर्वाण प्राप्त किया था, जिसकी अमर स्मृति और अक्षय

संदेश आज भी विद्यमान हैं। पूर्ण सत्य और शक्ति से ओत-प्रोत व जीवित सन्देश अभी भी हमारे साथ है। विश्व क इतिहास में किसी भी समय उस सन्देश की इतनी आवश्यकता नहीं रही जितनी आज है, जबकि अणु और उद्जन बमों का भयावह संकट हमारे समाने है। मेरी कामना है कि महात्मा बुद्ध का सहिष्णुता तथा दया का वह सन्देश आपके सभी कार्यों में आपके साथ रहे।

अध्यक्ष महोदय का सन्देश

†**उपाध्यक्ष महोदय :** मुझे माननीय अध्यक्ष महोदय से यह संदेश प्राप्त हुआ है :

"प्रिय श्री उपाध्यक्ष महोदय,

मुझे आपसे यह अनुरोध करना कि अपने स्वास्थ्य की दशा के कारण लोक-सभा के वर्त्तमान सत्र के उद्घाटन के समय और उसके उपरान्त कुछ और समय के लिये उपस्थित रहने में असमर्थ होने के लिये मेरी क्षमा याचना आप कृपया लोक-सभा तक पहुंचा दें। मुझे अत्यधिक खेद है कि मैं उन कारणों से, जो मेरी शक्ति से परे हैं, लोक-सभा की सेवा न कर सकूंगा। लोक-सभा को सम्भवत: यह ज्ञात है कि गत सप्ताह मुझ पर हृद्रोग (कॉरोनरी थ्राम्बोसिस) का दौरा पड़ा था। मेरे चिकित्सकीय परामर्शदाताओं ने मुझे बिछौने पर लेटकर पूर्ण विश्राम करने की सलाह दी है।

इस समय यह कह सकना भी कठिन है कि मैं ठीक किस समय लोक-सभा की बैठकों में भाग ले सकूंगा।

ऐसी परिस्थितियों में, मुझे विश्वास है कि लोक-सभा मुझे उस समय तक की अवश्यम्भावी अनुपस्थिति के लिये, जब तक कि मैं पूर्ण स्वास्थ्य-लाभ कर के अपने कार्य को पुन: संभाल नहीं लेता, क्षमा कर देगी।

आपका शुभेच्छु
जी० वी० मावलंकर"

क्या मैं माननीय अध्यक्ष महोदय के पास उनके शीघ्र स्वास्थ्य-लाभ के लिये लोक-सभा की प्रार्थना-पूर्ण शुभकामनायें पहुंचा सकता हूं, जिससे कि वह इस सभा और इस अध्यक्ष-पीठ पर, जिस पर वह इतने सम्मानित ढंग से आसीन हैं, लौट सकें ?

श्री नटेशन का निधन

†**उपाध्यक्ष महोदय :** मुझे लोक-सभा को श्री पी० नटेशन के, जो लोक-सभा के सदस्य थे, दुखद निधन की सूचना देनी है। वह ४ जनवरी, १९५६ को सायंकाल ५–३० बजे मद्रास में अपने निवासस्थान पर दिवंगत हो गये। उनकी आयु लगभग ६४ वर्ष थी। वह १९३७ से १९५२ तक मद्रास विधान सभा के सदस्य रहे और १९५२ से लोक-सभा के सदस्य थे।

हम श्री नटेशन के निधन पर शोक प्रकट करते हैं और मुझे विश्वास है कि लोक-सभा भी उनके परिवार को अपनी समवेदना पहुंचाने में मेरा साथ देगी।

अपना दुख प्रकट करने को लोक-सभा एक मिनट के लिये मौन खड़ी हो।

सभासद् एक मिनट के लिये मौन खड़े रहे।

विशेषाधिकार का प्रश्न

†**उपाध्यक्ष महोदय :** अब सचिव विधेयकों पर राष्ट्रपति की अनुमति के सम्बन्ध में सूचना देंगे।

†**श्री एन० सी० चटर्जी (हुगली) :** इससे पूर्व कि हम कोई और कार्य प्रारम्भ करें, मैं लोक-सभा का ध्यान एक महत्वपूर्ण मामले की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं जिसका सम्बन्ध, मेरे विचार से,

---

†मूल अंग्रेजी में

लोक-सभा के विशेषाधिकार और संसद् के एक सदस्य के विशेषाधिकार से है। ३१ जनवरी, १९५६ के लोकसभा-समाचार के अनुसार मथुरा ज़िलाधीश ने अध्यक्ष को लोक-सभा के सदस्य बाबू राम नारायण सिंह के भारतीय दंड संहिता की धारा १२४ ए/११७ के अन्तर्गत सरकार के विरुद्ध राजद्रोहपूर्ण भाषण देने के अपराध में गिरफ्तार किये जाने की सूचना दी थी। मैं लोक-सभा का ध्यान इस बात की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं कि पंजाब के उच्च न्यायालय ने मास्टर तारासिंह के मामले में यह फैसला किया था कि धारा १२४–संविधान के अनुच्छेद १९ द्वारा दिये गये मूलभूत अधिकारों के विरुद्ध है और अब वैधानिक नहीं रही है। यह बात अत्यन्त ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि यदि संसद् के किसी भी सदस्य को केवल सरकार के विरुद्ध राजद्रोहपूर्ण भाषण देने के लिये गिरफ्तार किया जा सकता है तो विरोधी पक्ष के प्रायः हम सभी सदस्य बड़ी कठिनाई में पड़ जायेंगे। यह एक ऐसी बुनियादी बात है जिसका सम्बन्ध हमारे मूलभूत अधिकारों से है और इससे संसद् के सदस्यों के विशेषाधिकार का प्रश्न उठ खड़ा होता है। इस पर खूब ध्यान दिया जाना चाहिये और इस मजिस्ट्रेट ने इतना भी शिष्टाचार प्रकट नहीं किया कि वह (बाबू राम नारायण सिंह) राजद्रोह के कथित आरोप में गिफ्तार किये गये हैं, वरन वह यह कहता है कि "वह सरकार के विरुद्ध राजद्रोहपूर्ण भाषण देने के लिये गिरफ्तार किये गये हैं"। यह एक बहुत ही गम्भीर मामला है और लोक-सभा को इस पर ध्यान देना चाहिये।

†**श्री यू० एम० त्रिवेदी** (चित्तौड़) : मैं इसका समर्थन करता हूं।

†**उपाध्यक्ष महोदय** : मैं नहीं जानता। इस मामले पर समुचित विचार किया जाना चाहिये। लोक-सभा से ऐसे किसी मामले पर विचार करने के लिये नहीं कहा जा सकता है जिसके सम्बन्ध में पर्याप्त सूचना न दी गयी हो। मैं माननीय सदस्य को यह परामर्श दूंगा कि वह इस मामले को निर्धारित ढंग से प्रस्तुत करें।

†**श्री एन० सी० चटर्जी** : मैंने इस मामले का उल्लेख लोक-सभा की बैठक के पहले ही दिन कर देना उचित समझा ; अन्यथा अब बहुत देर हो गई है ऐसा कह कर इसे रोक दिया जाता। यदि आप मुझे कल एक प्रस्ताव प्रस्तुत करने की अनुमति प्रदान करें तो मैं एक प्रस्ताव प्रस्तुत कर दूंगा।

†**उपाध्यक्ष महोदय** : मैं यह तो नहीं जानता कि उस प्रस्ताव का स्वरूप क्या है : जब वह प्रस्तुत किया जायेगा तब मैं उस पर विचार करूंगा। अब सचिव लोक-सभा को विधेयकों पर राष्ट्रपति की अनुमति के सम्बन्ध में सूचना देंगे।

विधेयकों पर राष्ट्रपति की अनुमति

†**सचिव** : मुझे लोक-सभा को यह सूचना देनी है कि २३ दिसम्बर, १९५५ को दी गयी अंतिम सूचना के बाद से, इन विधेयकों पर, जिनको संसद् की सभाओं द्वारा पिछले सत्र में पारित किया गया था, राष्ट्रपति ने अनुमति प्रदान कर दी है :

१. भारतीय प्रशुल्क (द्वितीय संशोधन) विधेयक, १९५५।
२. भारतीय प्रशुल्क (तृतीय संशोधन) विधेयक, १९५५।
३. भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) विधेयक, १९५५।
४. रेलवे सामान (अवैध क़ब्ज़ा) विधेयक, १९५४।
५. अनर्हता-निवारण (संसद् तथा भाग 'ग' राज्य विधानमंडल संशोधन) विधेयक, १९५५।
६. संविधान (पंचम संशोधन) विधेयक, १९५५।
७. दिल्ली (निर्माण-कार्यों का नियंत्रण) विधेयक, १९५५।
८. बीमा (द्वितीय संशोधन) विधेयक, १९५५।

---

†मूल अंग्रेजी में

९. मुद्रणालय तथा पुस्तक पंजीयन (संशोधन) विधेयक, १९५५ ।
१०. मनीपुर (न्यायालय) विधेयक, १९५५ ।
११. नागरिकता विधेयक, १९५५ ।
१२. समवाय विधेयक, १९५५ ।

स्थगन प्रस्ताव

पुर्तगाली सेना द्वारा भारतीय राज्य क्षेत्र का अतिक्रमण

†**उपाध्यक्ष महोदय** : मुझ को पुर्त्तगाली सेना द्वारा भारतीय राज्य क्षेत्र का अतिक्रमण किये जाने के सम्बन्ध में श्री साधन गुप्त से एक स्थगन प्रस्ताव की सूचना प्राप्त हुई है । उन्होंने और डा० लंका सुन्दरम् ने इसी सम्बन्ध में अल्प सूचना प्रश्न भी पूछे हैं । क्या मैं माननीय प्रधान मंत्री से पूछ सकता हूं कि इस समय अल्प सूचना प्रश्नों की क्या स्थिति है ?

†**प्रधान मंत्री तथा वैदेशिक कार्य मंत्री (श्री जवाहरलाल नेहरू)** : हम निश्चय ही अल्प सूचना प्रश्नों का उत्तर देंगे । मैं नहीं समझता कि अभी कोई तिथि निर्धारित की गयी है ; परन्तु मेरा विचार है कि दो तीन दिनों में उसका उत्तर दे दिया जायगा ।

†**उपाध्यक्ष महोदय** : मंत्री महोदय अपनी सुविधा बतावें, और हम उसी के अनुसार तिथि निर्धारित कर देंगे । इस दृष्टि से कि इसी विषय पर अल्प सूचना प्रश्न पूछे गये हैं, और उनमें से एक तो उन्हीं माननीय सदस्य का है, जिन्होंने इस स्थगन प्रस्ताव की सूचना दी है, मैं नहीं समझता कि इस पर अभी चर्चा करना आवश्यक है । यह मामला पर्याप्त समय से सभा के विचाराधीन है और समय-समय पर उठाया जाता रहा है । मुझे विश्वास है कि इसके महत्त्व और गम्भीरता को ध्यान में रखते हुये सरकार इस सम्बन्ध में एक वक्तव्य देकर स्थिति को स्पष्ट करेगी ।

†**श्री के० के० बसु** (डायमन्ड हार्बर) : क्या सरकार अल्प सूचना प्रश्नों को स्वीकार करती है ? समय का ही सबसे अधिक महत्त्व है ।

†**उपाध्यक्ष महोदय** : अच्छी बात है । यह कर दिया जायगा ।

†**श्री कामत** (हैदराबाद) : मंत्रालय ने इस विषय पर एक प्रेस विज्ञप्ति प्रकाशित की है । क्या इस विज्ञप्ति की बातें सही हैं ? क्या प्रधान मंत्री उसका समर्थन करते हैं ?

†**श्री जवाहरलाल नेहरू** : उसमें अधिकांश तथ्य दे दिये गये हैं । मैं यों ही यह नहीं कह सकता कि उस विज्ञप्ति में दिये गये वर्णन में कोई त्रुटि होने की संभावना नहीं है । मैं अपने आपको इस वक्तव्य के सम्बन्ध में वाक्बद्ध नहीं कर सकता हूं, परन्तु मोटे तौर पर हमारे पास अभी इतनी ही सूचना है । वह दी ही जा चुकी है और मैं केवल यही कह सकता हूं कि उसी को दोहरा दूं । यदि मुझे कोई और सूचना प्राप्त हुई तो वह भी दे दी जायेगी ।

सभा पटल पर रखे गये पत्र

भारतीय विमान-नियमों में संशोधन

†**संचार मंत्री (श्री जगजीवन राम)** : मैं भारतीय विमान अधिनियम, १९३४ की धारा ५ की उपधारा (३) के अन्तर्गत, भारतीय विमान नियमों, १९३७ में और भी संशोधन करने के लिये

---

†मूल अंग्रेजी में

संचार मंत्रालय की इन अधिसूचनाओं की एक एक प्रति, स्पष्टीकरण टिप्पणों सहित, सभा-पटल पर रखता हूं :

(१) अधिसूचना संख्या ए० आर०/१९३७(११), दिनांक ३ दिसम्बर, १९५५ ।

(२) अधिसूचना संख्या ए० आर०/१९३७ (८), दिनांक ८ दिसम्बर, १९५५ । **[पुस्तकालय में रखी गई । देखिये संख्या एस-२/५६]**

अत्यावश्यक वस्तुएँ अधिनियम के अन्तर्गत अधिसूचनायें

†**खाद्य और कृषि उपमंत्री (श्री एम० वी० कृष्णप्पा)** : मैं खाद्य और कृषि मंत्री की ओर से अत्यावश्यक वस्तुएँ अधिनियम, १९५५ की धारा ३ की उपधारा (६) के अन्तर्गत खाद्य और कृषि मंत्रालय की इन अधिसूचनाओं की एक एक प्रति सभा-पटल पर रखता हूं :

(१) खाद्य और कृषि मंत्रालय की अधिसूचना संख्या एस० आर० ओ० २४०८ दिनांक १६ जुलाई, १९५४ को रद्द करने वाली अधिसूचना संख्या एस० आर० ओ० ३५६८, दिनांक २५ नवम्बर, १९५५ ।

(२) खाद्य और कृषि मंत्रालय की अधिसूचना संख्या एस० आर० ओ० ३३११, दिनांक २८ अक्तूबर, १९५४ को रद्द करने वाली अधिसूचना संख्या एस० आर० ओ० ३५६९, दिनांक २५ नवम्बर, १९५५ । **[पुस्तकालय में रखी गई, देखिये संख्या एस-३/५६]**

चलचित्र (विवाचन) नियमों में संशोधन

†**सूचना और प्रसारण मंत्री (डा० केसकर)** : मैं चलचित्र अधिनियम, १९५२ की धारा ८ की उपधारा (३) के अन्तर्गत चलचित्र (विवाचन) नियमों, १९५१ में आगे कुछ संशोधन करने वाली एक अधिसूचना संख्या ३७४०, दिनांक २० दिसम्बर, १९५५ की एक प्रति सभा-पटल पर रखता हूं । **[पुस्तकालय में रखी गई । देखिये संख्या एस—४/५६]**

अत्यावश्यक वस्तुएँ अधिनियम के अन्तर्गत अधिसूचनायें

†**कृषि मंत्री (डा० पी० एस० देशमुख)** : मैं अत्यावश्यक वस्तुएँ अधिनियम, १९५५ की धारा ३ की उपधारा (६) के अन्तर्गत, खाद्य और कृषि मंत्रालय की इन अधिसूचनाओं में से प्रत्येक की एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं :

(१) फलोत्पाद आदेश, १९५५ में कुछ संशोधन करने वाली अधिसूचना संख्या एस० आर० ओ० २०८०, दिनांक २४ सितम्बर, १९५५ ।

(२) खाद्य और कृषि मंत्रालय की अधिसूचना संख्या एस० आर० ओ० २४०६, दिनांक १६ जुलाई, १९५४ को रद्द करने वाली अधिसूचना संख्या एस० आर० ओ० ३४३८, दिनांक ८ नवम्बर १९५५ ।

(३) खाद्य और कृषि मंत्रालय की अधिसूचना संख्या एस० आर० ओ० २४०७, दिनांक १६ जुलाई, १९५४ को रद्द करने वाली अधिसूचना संख्या एस० आर० ओ० ३४३९, दिनांक ८ नवम्बर, १९५५ । **[पुस्तकालय में रखी गई देखिये संख्या एस—५/५६]**

आय-कर जांच आयोग सम्बन्धी अधिसूचना

†**राजस्व और असैनिक व्यय मंत्री (श्री एम० सी० शाह)** : मैं आय पर कर (जांच अयोग) अधिनियम १९४७ की धारा ४ की उपधारा (३) के अन्तर्गत आयकर जांच आयोग की नियुक्ति की अवधि को, ३१ दिसम्बर, १९५६ तक बढ़ने वाली, वित्त मंत्रालय (राजस्व विभाग) की अधिसूचना संख्या ९६, दिनांक २३ दिसम्बर, १९५५ की एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं। **[पुस्तकालय में रखी गई। देखिये संख्या एस--६/५६]**

पुनर्वास वित्त प्रशासन का प्रतिवेदन

†**राजस्व और रक्षा व्यय मंत्री (श्री ए० सी० गुह)** : मैं पुनर्वास वित्त प्रशासन अधिनियम, १९४८ की धारा १८ की उपधारा (२) के अन्तर्गत, दिनांक ३० जून, १९५५ को समाप्त हुये अर्ध वर्ष के लिये पुनर्वास वित्त प्रशासन के प्रतिवेदन की एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं। **[पुस्तकालय में रखी गई। देखिये संख्या एस--७/५६]**

केन्द्रीय उत्पादन-शुल्क तथा नमक अधिनियम के अन्तर्गत अधिसूचना

†**श्री ए० सी० गुह** : मैं केन्द्रीय उत्पादन-शुल्क तथा नमक अधिनियम १९४४ की धारा ३८ के अन्तर्गत केन्द्रीय उत्पादन शुल्क अधिसूचना संख्या २–सी०ई० आर०/५५, दिनांक १७ दिसम्बर, १९५५ की एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं। **[पुस्तकालय में रखी गई। देखिये संख्या एस--८/५६]**

इस्पात के प्रतिधारण मूल्य इत्यादि पर तटकर आयोग का प्रतिवेदन

†**वाणिज्य और उद्योग तथा लोहा और इस्पात मंत्री (श्री टी० टी० कृष्णमाचारी)** : मैं तटकर आयोग अधिनियम, १९५१ की धारा १६ की उपधारा (२) के अन्तर्गत इन पत्रों में से प्रत्येक की एक एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं :

(१) टाटा आयरन एण्ड स्टील कम्पनी लिमिटेड और दि इंडियन आयरन एण्ड स्टील कम्पनी लिमिटेड द्वारा निर्मित इस्पात के प्रतिधारण मूल्यों के सम्बन्ध में तट कर आयोग का प्रतिवेदन (१९५५)।

(२) वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय का संकल्प संख्या एस० सी० (ए)-२ (१४९)/५५, दिनांक १ फरवरी, १९५६ **[पुस्तकालय में रखी गई। देखिये संख्या एस--९/५६]**

ग्यारहवें सत्र की समाप्ति के बाद प्रख्यापित अध्यादेश

†**संसद् कार्य मंत्री (श्री सत्यनारायण सिंह)** : मैं संविधान के अनुच्छेद १३२(२)(क) के उपबन्धों के अन्तर्गत संसद् के सदनों के ग्यारहवें सत्र की समाप्ति के बाद, राष्ट्रपति द्वारा प्रख्यापित इन अध्यादेशों में से प्रत्येक की एक एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं :

(१) जन प्रतिनिधान (संशोधन) अध्यादेश, १९५५ (१९५५ की संख्या ७) **[पुस्तकालय में रखी गई। देखिये संख्या एस--१०/५६]**

(२) जीवन बीमा (आपात उपबन्ध) अध्यादेश, १९५६ (१९५६ की संख्या १) **[पुस्तकालय में रखी गई। देखिये संख्या एस--११/५६]**

(३) मद्रास रेलवे यात्री सीमा कर अध्यादेश, १९५६ (१९५६ की संख्या २) **पुस्तकालय में रखी गई। देखिये संख्या एस--१२/५६]**

---

†मूल अंग्रेजी में

(४) बिक्री कर विधि मान्यतादान अध्यादेश, १९५६ (१९५६ की संख्या ३)
[पुस्तकालय में रखी गई । देखिये संख्या एस—१३/५६]

लोक प्रतिनिधित्व (संशोधन) अध्यादेश सम्बन्धी व्याख्यात्मक विवरण

†**श्री सत्यानारायण सिंह** : मैं प्रक्रिया तथा कार्य संचालन सम्बन्धी नियमों के नियम ८९ के उप-नियम (२) के अनुसार जन प्रतिनिधान (संशोधन) अध्यादेश, १९५५ (१९५५ की संख्या ७) सम्बन्धी व्याख्यात्मक विवरण की एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं । **[देखिये परिशिष्ट १, अनुबन्ध संख्या १]**

लोक प्रतिनिधित्व (द्वितीय संशोधन) विधेयक

प्रवर समिति के प्रतिवेदन का उपस्थापन

†**पंडित ठाकुर दास भार्गव** (गुड़गांव) : मैं लोक-प्रतिनिधित्व अधिनियम, १९५१ में और आगे संशोधन करने और भाग "ग" राज्य शासन अधिनियम, १९५१ में कुछ आनुषंगिक संशोधन करने वाले विधेयक सम्बन्धी प्रवर समिति के प्रतिवेदन को उपस्थापित करता हूं ।

प्रत्याभूति संविदा (विनियमन) विधेयक

संयुक्त समिति के प्रतिवेदन* के उपस्थापन के लिये समय का बढ़ाया जाना

†**वित्त उपमंत्री (श्री बी० आर० भगत)** : मैं प्रस्ताव करता हूं कि प्रतिभूतियों के संविदाओं को विनियमित कर के क्रयाविक्रयाधिकार पर रोक लगाकर तथा उससे सम्बन्धित कुछ अन्य मामलों की व्यवस्था करके प्रतिभूतियों के अवांछनीय संविदाओं पर रोक लगाने वाले विधेयक पर संयुक्त समिति के प्रतिवेदन के उपस्थापन के लिये निश्चित समय को बढ़ा कर २९ फरवरी, १९५६ कर दिया जाय ।

†**श्री कामत** (होशंगाबाद) : क्या मैं निश्चित समय के बढ़ाये जाने के लिये की गई इस मांग के कारण को जान सकता हूं ?

†**उपाध्यक्ष महोदय** : क्या कोई विशिष्ट कारण है ? काम कहां तक हुआ है ?

†**श्री बी० आर० भगत** : हम काम को समाप्त कर चुके हैं ।

†**उपाध्यक्ष महोदय** : प्रश्न यह है कि :

> "प्रतिभूतियों के संविदाओं को विनियमित कर के, क्रयाविक्रयाधिकार पर रोक लगाकर तथा उससे सम्बन्धित कुछ अन्य मामलों की व्यवस्था करके प्रतिभूतियों के अवांछनीय संविदाओं पर रोक लगाने वाले विधेयक पर संयुक्त समिति के प्रतिवेदन के उपस्थापन के लिये निश्चित समय को बढ़ा कर २९ फरवरी, १९५६ कर दिया जाय ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

नौवहन नियंत्रण (जारी रखना)* विधेयक

†**रेलवे तथा परिवहन उपमंत्री (श्री अलगेशन)** : मैं प्रस्ताव करता हूं कि नौवहन नियंत्रण अधिनियम,

---

*भारत सरकार सूचना पत्र असाधारण भाग २—उपविभाग २, दिनांक १५-२-५६ में पृष्ठ पर प्रकाशित ।

†मूल अंग्रेजी में

१९४७ को कुछ और समय तक जारी रखने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति दी जाय ।

†**उपाध्यक्ष महोदय** : प्रश्न यह है :

"कि नौवहन नियंत्रण अधिनियम, १९४७ को कुछ और समय तक जारी रखने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति दी जाये ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

†**श्री अलगेशन** : मैं विधेयक को पुर:स्थापित करता हूं ।

---

†**उपाध्यक्ष महोदय** : आज का कार्य समाप्त हुआ । अब लोक-सभा स्थगित होती है और कल ११ बजे म० पू० समवेत होगी ।

इसके पश्चात् लोक-सभा, गुरुवार, १६ फरवरी, १९५६ के ग्यरह बजे तक के लिये स्थगित हुई ।

दैनिक संक्षेपिका

[बुधवार, १५ फरवरी, १९५६]

राष्ट्रपति का अभिभाषण १–६

सचिव ने राष्ट्रपति द्वारा संसद् की दोनों सभाओं के समक्ष दिये गये अभिभाषण की एक प्रति सभा पटल पर रखी ।

अध्यक्ष महोदय की ओर से संदेश ६

उपाध्यक्ष महोदय ने अध्यक्ष महोदय का यह संदेश पढ़ कर सुनाया कि वे स्वास्थ्य ठीक न होने के कारण वर्तमान सत्र के प्रारम्भ पर और कुछ समय बाद तक उपस्थित न हो सकेंगे।

लोक-सभा ने उपाध्यक्ष महोदय से प्रार्थना की कि वे अध्यक्ष महोदय को यह सूचित कर दें कि सभा उन के शीघ्र स्वास्थ्य-लाभ के लिये प्रार्थना करती है ।

निधन सम्बन्धी उल्लेख ६

उपाध्यक्ष महोदय ने लोक-सभा के एक वर्तमान सदस्य श्री पी० नटेशन के निधन का उल्लेख किया। तत्पश्चात् सभा के सदस्य सम्मान प्रकट करने के हेतु एक मिनट के लिये मौन खड़े रहे ।

विशेषाधिकार का प्रश्न ६–७

श्री एन० जी० चटर्जी ने बाबू राम नारायण सिंह को, १८ जनवरी १९५६ को भारतीय दण्ड संहिता की धारा १२४ का ११७ के अधीन, बंदी किये जाने के विषय में विशेषाधिकार का प्रश्न उठाया ।

उपाध्यक्ष महोदय ने सदस्य से कहा कि वे प्रक्रिया के नियमों के अनुसार प्रस्ताव की सूचना दें ।

विधेयकों पर राष्ट्रपति की अनुमति ७–८

सचिव ने लोक-सभा को बताया कि गत बार २३ दिसम्बर, १९५५ को जो सभा को प्रतिवेदन दिया गया था उस के बाद से निम्नलिखित विधेयकों पर राष्ट्रपति ने अनुमति दे दी है जो कि ग्यारहवें सत्र में संसद् के संदनों द्वारा पारित किये गये थे :—

(१) भारतीय प्रशुल्क (द्वितीय संशोधन) विधेयक, १९५५ ।
(२) भारतीय प्रशुल्क (तृतीय संशोधन) विधेयक, १९५५ ।
(३) भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) विधेयक, १९५५ ।
(४) रेलवे सामान (अवैध कब्जा) विधेयक, १९५४ ।
(५) अनर्हता निवारण (संसद् तथा भाग 'ग' राज्य विधानमंडल संशोधन) विधेयक, १९५५ ।
(६) संविधान (पंचम संशोधन) विधेयक, १९५५ ।
(७) दिल्ली (भवन निर्माण नियंत्रण) विधेयक, १९५५ ।
(८) बीमा (द्वितीय संशोधन) विधेयक, १९५५ ।
(९) मुद्रणालय तथा पुस्तक पंजीयन (संशोधन) विधेयक, १९५५ ।

(१०) मनीपुर (न्यायालय) विधेयक, १९५५ । पृष्ठ
(११) नागरिकता विधेयक, १९५५ ।
(१२) समवाय विधेयक, १९५३ ।

स्थगन प्रस्ताव ८

गोआ की सशस्त्र सेना और पुलिस द्वारा भारतीय क्षेत्र के अतिक्रमण के फल-स्वरूप पैदा हुई अभिकथित स्थिति के सम्बन्ध में जिस स्थगन प्रस्ताव की सूचना श्री साधन गुप्त ने दी थी उसे उपाध्यक्ष महोदय ने अस्वीकृत कर दिया क्योंकि आशा है कि जल्दी ही लोक-सभा में उस विषय पर एक अल्प सूचना प्रश्न का उत्तर दिया जायेगा ।

सभा पटल पर रखे गये पत्र ८–१०

निम्नलिखित पत्र पटल पर रखे गये :—

(१) भारतीय विमान अधिनियम, १९३४ की धारा ५ की उपधारा (३) के अन्तर्गत, संचार मंत्रालय की निम्नलिखित अधिसूचनाओं में से प्रत्येक की एक प्रति व्याख्यात्मक टिप्पण सहित, जिनके द्वारा भारतीय विमान नियमों, १९३७ में कुछ अग्रेतर संशोधन किये गये हैं :

(क) अधिसूचना सं० ए० आर०/१९३७ (११), दिनांक ३ दिसम्बर, १९५५ ।

(ख) अधिसूचना सं० ए० आर० /१९३७ (८), दिनांक ८ दिसम्बर, १९५५ ।

(२) सारभूत वस्तुएँ अधिनियम, १९५५ की धारा ३ की उपधारा (६) के अन्तर्गत खाद्य और कृषि मंत्रालय की निम्नलिखित अधिसूचनाओं में से प्रत्येक की एक प्रति :

(क) अधिसूचना सं० एस० आर० ओ० ३५६८, दिनांक २५ नवम्बर, १९५५ जिसके द्वारा खाद्य और कृषि मंत्रालय की अधिसूचना सं० एस० आर० ओ० ३३११, दिनांक १६ जुलाई, १९५५ को रद्द किया गया है ।

(ख) अधिसूचना सं० एस० आर० ओ० ३५६८, दिनांक २५ नवम्बर, १९५५ जिसमें खाद्य और कृषि मंत्रालय की अधिसूचना सं० एस० आर० ओ० २४०८, दिनांक २८ अक्तूबर, १९५४ को रद्द किया गया है ।

(३) चलचित्र अधिनियम, १९५२ की धारा ८ की उपधारा (३) के अन्तर्गत अधिसूचना सं० एस० आर० ओ० ३७४०, दिनांक २० दिसम्बर, १९५५ की एक प्रति, जिसके अन्तर्गत चलचित्र विवाचन नियम, १९५१ में कतिपय अग्रेत्तर संशोधन किये गये हैं ।

(४) सारभूत वस्तुएँ अधिनियम, १९५५ की धारा ३ की उपधारा (६) के अधीन खाद्य और कृषि मंत्रालय की निम्नलिखित अधिसूचनाओं में से प्रत्येक की एक प्रति :

(क) अधिसूचना सं० एस० आर० ओ० २०८०, दिनांक २४ सितम्बर, १९५५ जिस के द्वारा फल उत्पाद आदेश, १९५५ में कतिपय संशोधन किये गये हैं ।

(ख) अधिसूचना सं० एस० आर० ओ० ३४३८, दिनांक ८ नवम्बर, १९५५ जिस के द्वारा कृषि अधिसूचना सं० एस० आर० ओ० २४०६, दिनांक १६ जुलाई, १९५४ को रद्द किया गया है।

(ग) अधिसूचना सं० एस० आर० ओ० ३४३९, दिनांक ८ नवम्बर, १९५५ जिस के द्वारा खाद्य और कृषि मंत्रालय की अधिसूचना सं० एस० आर० ओ० २४०७, दिनांक १६, जुलाई १९५४ को रद्द किया गया है।

(५) आयकर (जांच आयोग) अधिनियम की धारा ४ की उपधारा (३) के अन्तर्गत वित्त मंत्रालय (राजस्व विभाग) की अधिसूचना सं० ९६, दिनांक २३ दिसम्बर, १९५५ की एक प्रति जिस के द्वारा आयकर जांच आयोग की नियुक्ति की तिथि बढ़ाकर ३१ दिसम्बर, १९५५ कर दी गई है।

(६) पुनर्वास वित्त प्रशासन अधिनियम, १९४८ की धारा १८ की उपधारा (२) के अन्तर्गत पुनर्वास वित्त प्रशासन के, ३० जून, १९५५ को समाप्त होने वाले अर्धवर्ष के प्रतिवेदन की एक प्रति।

(७) केन्द्रीय उत्पादन और नमक अधिनियम, १९४४ की धारा ३८ के अधीन केन्द्रीय उत्पादन अधिसूचना संख्या २-सी० ई० आर०/५५, दिनांक १७ दिसम्बर, १९५५ की एक प्रति।

(८) प्रशुल्क आयोग अधिनियम, १९५१ की धारा १६ की उपधारा (२) के अन्तर्गत निम्नलिखित नियम पत्रों में से प्रत्येक की एक प्रति :—

(क) टाटा आयरन एण्ड स्टील कम्पनी लिमिटेड और दि इण्डियन आयरन एण्ड स्टील कम्पनी लिमिटेड द्वारा उत्पादित इस्पात के प्रतिधारण मूल्यों पर प्रशुल्क आयोग का प्रतिवेदन (१९५५)।

(ख) वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय का संकल्प सं० एस० सी० (ए)-२ (१४९)/५५, दिनांक १ फरवरी, १९५६।

(९) संसद् की सभाओं के ग्यारहवें सत्र की समाप्ति के पश्चात् संविधान के अनुच्छेद १२३(२)(क) के उपबन्धों के अधीन राष्ट्रपति द्वारा प्रख्यापित निम्नलिखित अध्यादेशों में से प्रत्येक की एक प्रति।

(क) लोक प्रतिनिधित्व (संशोधन) अध्यादेश, १९५५ (१९५५ का सं० ७)

(ख) जीवन बीमा (आपात कालीन उपबन्ध) अध्यादेश, १९५६ (१९५६ का सं० १)

(ग) रेलवे यात्रियों पर मद्रास सीमा कर अध्यादेश, १९५६ (१९५६ का सं० २)

(घ) बिक्री कर विधि मान्यीकरण अध्यादेश, १९५६ (१९५६ का सं० ३)

(१०) प्रक्रिया और कार्य संचालन के नियमों के नियम ८९ के उपनमिय (२) के अनुसरण में लोक प्रतिनिधित्व (संशोधन) अध्यादेश, १९५५ (१९५५ का सं० ७) के सम्बन्ध में व्याख्यात्मक विवरण की एक प्रति।

पृष्ठ

प्रवर समिति का प्रतिवेदन प्रस्तुत ११

पंडित ठाकुर दास भार्गव ने लोक प्रतिनिधित्व (द्वितीय संशोधन) विधेयक, १९५५ के सम्बन्ध में प्रवर समिति का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया ।

संयुक्त समिति के प्रतिवेदन के उपस्थापन के लिये समय में वृद्धि ११

श्री बी० आर० भगत ने प्रस्ताव किया कि प्रतिभूति संविदा (विनियम) विधेयक, १९५५ के सम्बन्ध में संयुक्त समिति द्वारा प्रतिवेदन उपस्थापित करने के लिये निश्चित किये गये समय को २९ फरवरी १९५६ तक बढ़ा दिया जाये । प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

विधेयक पुर:स्थापित ११–१२

नौवहन नियंत्रण (जारी रखना) विधेयक ।

M73LSD—Pt.II—190—17-9-57—GIPF